सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 37 | इंदौर, बुधवार 20 अगस्त, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Rekha Gupta:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला, साप्ताहिक जन सुनवाई के दौरान हुई घटना; आरोपी को पकड़ा

2. **Vice President Nomination:** सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति पद के लिए किया नामांकन, पीएम मोदी बने प्रस्तावक

3. **Monsoon Session:** लोकसभा में विपक्ष का हंगामा, संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित

4. **Uttarakhand:** यूसीसी में होंगे बदलाव; धोखा देकर, शादीशुदा होकर लिव-इन रिलेशन में रहने वालों को मिलेगी कड़ी सजा

# 18 जिलों के कलेक्टरों को आज सीएम करेंगे सम्मानित

### नीति आयोग के 6 टास्क पूरे करने वाले अफसरों को मिलेंगे अवार्ड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मप्र में पिछले साल एक जुलाई 2024 से 30 सितंबर 2024 तक नीति आयोग द्वारा चलाए गए संपूर्णता अभियान में अच्छा काम करने वाले जिलों के कलेक्टर और तत्कालीन कलेक्टर बुधवार को सम्मानित किए जाएंगे। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में सीएम 18 कलेक्टरों को सम्मानित करेंगे।**

नीति आयोग ने पिछले साल 1 जुलाई से 30 सितंबर तक 6 पैरामीटर तय किए थे। इन पैरामीटर्स पर जिलों को टास्क पूरा करना था। जिन जिलों ने सौ फीसदी टास्क पूरा किया है, उन जिलों को गोल्ड कैटेगरी में सम्मानित किया जाएगा। जिला और ब्लॉक को अलग-अलग कैटेगरी में रखा था।

पहली तिमाही के भीतर प्रसव पूर्व देखभाल (एएनसी) के लिए पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत। ब्लॉक में लक्षित आबादी की तुलना में शुगर की जांच करने वाले व्यक्तियों का प्रतिशत। ब्लॉक में लक्षित आबादी की तुलना में उच्च रक्तचाप की जांच करने वाले व्यक्तियों का प्रतिशत। नियमित रूप से पूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत। मृदा नमूना संग्रह लक्ष्य के मुकाबले सृजित मृदा स्वास्थ्य कार्ड का प्रतिशत। ब्लॉक में



कुल स्वयं सहायता समूह के मुकाबले रिवॉल्विंग फंड प्राप्त करने वाले स्वयं सहायता समूह का प्रतिशत। पहली तिमाही के भीतर प्रसव पूर्व देखभाल (एएनसी) के लिए पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत। आईसीडीएस कार्यक्रम के तहत नियमित रूप से पूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत। 9-11 महीने की आयु के बच्चों का पूर्ण टीकाकरण का प्रतिशत (बीसीजी+डीपीटी 3+ओपीवी3+खसरा 1) जिले में बांटे गए सॉइल हेल्थ कार्ड (मृदा स्वास्थ्य कार्ड) की संख्या। माध्यमिक स्तर पर बिजली की सुविधा से लैस स्कूलों का प्रतिशत। शैक्षणिक सत्र शुरू होने के एक महीने के भीतर बच्चों को पाठ्य पुस्तकें प्रदान करने वाले स्कूलों का प्रतिशत।

योजना आर्थिक सांख्यिकी मंत्रालय ने अलीराजपुर, अनूपपुर, बड़वानी, भिंड, छतरपुर, दमोह, धार, डिंडोरी, गुना, झाबुआ, कटनी, खंडवा, खरगोन, मंडला, मुरैना, निवाड़ी, पन्ना, राजगढ़, रतलाम, मऊगंज, रीवा, सतना, शहडोल, श्योपुर, शिवपुरी, सिंगरौली टीकमगढ़, उमरिया और विदिशा के कलेक्टरों को पत्र लिखकर राज्य स्तरीय सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह में बुलाया है।

इसमें कहा है कि आकांक्षी जिला और विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के ऐसे जिलों और विकासखंडों में एक जुलाई 2024 से 30 सितम्बर 2024 के बीच सम्पूर्णता अभियान चलाया था। इसका उद्देश्य 6 प्रमुख इंडेक्स को हासिल करना था।

एमपी के 8 आकांक्षी जिलों और 42 आकांक्षी विकासखंड इसके लिए चिह्नित किए थे। केंद्र सरकार को भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार 6 आकांक्षी जिलों और 27 आकांक्षी विकासखंडों द्वारा तीन या अधिक इंडेक्स हासिल किए हैं।

### जिलों से कुल 4 अधिकारी-कर्मचारी होंगे सम्मानित

आज कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में उन जिलों और विकासखंडों व फ्रंटलाइन कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। जिन्होंने संपूर्णता अभियान में अच्छा काम किया है। इस सम्मान कार्यक्रम में कलेक्टरों के अलावा सीईओ जिला पंचायत समेत चार चयनित अधिकारी, फ्रंटलाइन कर्मचारी बुलाए जाकर उनका सम्मान किया जाएगा। हर जिले से पांच नाम बुलाए गए हैं।

### इन जिलों के अफसर होंगे सम्मानित

बड़वानी जिले के पाटी ब्लॉक ने सभी 6 इंडिकेटर पूरे किए हैं। कलेक्टर गुंचा सनोवर और तत्कालीन कलेक्टर डॉ. राहुल फंटिंग हरिदास को गोल्ड मैडल दिया जाएगा।

दमोह जिले के तेंदूखेडा ब्लॉक ने सभी 6 इंडिकेटर हासिल किए हैं। जिले के कलेक्टर सुधीर कोचर को गोल्ड मैडल दिया जाएगा।

धार जिले के तिरला ब्लॉक ने सभी 6 इंडिकेटर हासिल किए। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को गोल्ड मैडल दिया जाएगा।

खंडवा जिले के छैगांव ब्लॉक ने 6 पैरामीटर हासिल किए हैं। खंडवा कलेक्टर ऋषभ गुप्ता और तत्कालीन कलेक्टर अनूप कुमार सिंह को सीएम के हाथों गोल्ड मैडल दिया जाएगा।

निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर ब्लॉक ने 6 पैरामीटर पूरे किए हैं। जिले के कलेक्टर लोकेश जांगिड़ और तत्कालीन कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा को सीएम गोल्ड मैडल देंगे।

---

**पकड़े गए कांस्टेबल का दावा**

# ट्रेन से लापता अर्चना तिवारी से फोन पर ही बात, कभी मुलाकात नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ग्वालियर मध्य प्रदेश के कटनी की बहुचर्चित अर्चना तिवारी की गुमशुदगी के मामले में नया मोड़ आया है। इसके तार अब ग्वालियर से जुड़ गए हैं। इस मामले में आज जीआरपी ने ग्वालियर के एक कॉन्स्टेबल को हिरासत में लिया है।**

अर्चना तिवारी की कॉल डिटेल के आधार पर GRP ग्वालियर के भंवरपुर में पदस्थ आरक्षक राम तोमर तक पहुंची। आरक्षक राम तोमर ने अर्चना तिवारी का इंदौर से ग्वालियर का टिकट कराया था। इसके बाद कॉन्स्टेबल राम तोमर को जीआरपी ने हिरासत में लिया और



उससे पूछताछ की । उसे पूछताछ के लिए ग्वालियर के झांसी रोड थाने में रखा गया। मीडिया से बातचीत के दौरान आरक्षक राम तोमर ने बताया कि उसने कभी भी अर्चना तिवारी को सामने से नहीं देखा। सिर्फ उसकी फोन पर बात हुई है। उसका अर्चना की गुमशुदगी से कोई लेना-देना नहीं है। हालांकि उसने बस की टिकट जरूर बुक किए थे। जीआरपी की गिरफ्त में आए पुलिस कॉन्स्टेबल राम तोमर से जीआरपी और ग्वालियर पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। इस मामले में भोपाल जीआरपी की टीम भी ग्वालियर में डेरा जमाए हुए हैं। इस तरह की चर्चाएं जोर पड़े हुए हैं कि अर्चना तिवारी ग्वालियर में ही मौजूद है। हालांकि ग्वालियर पुलिस और जीआरपी ने इसकी पुष्टि नहीं की है। हालांकि उम्मीद जताई जा रही है कि जिस तेजी से जीआरपी भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर मिलकर युवती की तलाश में जुटी हैं,उससे उम्मीद है कि जल्द ही युवती सकुशल बरामद होगी। कुल मिलाकर इंदौर से सवार नर्मदा एक्सप्रेस की एसी कोच B3 में से गायब हुई युवती का ग्वालियर में सुराग मिला है। इस आधार पर युवती के परिजन ग्वालियर की तरफ रवाना हुए हैं और पुलिस हिरासत में लिये गए आरक्षक से भी कई खुलासे हो रहे हैं।

**स्वास्थ्य शिविरों की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित**

# चिकित्सा जांच शिविरों में सोनोग्राफी मशीन सहित आवश्यक सुविधाएं बढ़ाने के दिए गए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। संभागायुक्त दीपक सिंह की पहल पर इंदौर संभाग में इसी सप्ताह से प्रारम्भ होने जा रहे संभाग स्तरीय स्वास्थ्य शिविरों की तैयारियों को लेकर पैथोलॉजी लैब प्रबंधकों के साथ संभागायुक्त कार्यालय में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संभागायुक्त दीपक सिंह ने की। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह द्वारा गत वर्ष आयोजित किये गये स्वास्थ्य जाँच शिविरों की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी 23 अगस्त से पुनः प्रारम्भ हो रहे स्वास्थ्य जांच शिविरों की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास डी.एस. रणदा, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ. शॉजी जोसफ, क्षेत्रीय संयुक्त संचालक डॉ. पूर्णिमा गडरिया, कीट विज्ञानी डॉ. सी.एस. शर्मा एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गत वर्ष आयोजित संभाग स्तरीय स्वास्थ्य शिविर के उत्साहजनक परिणाम प्राप्त हुए। इस बार भी सभी स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हो, इसके लिए हमें अभी से पूर्व तैयारियां कर लेना चाहिए। आशा कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से पहले ग्रामीण अंचलों में जाकर बीमार व्यक्तियों को चिन्हित कर लिया जाए और उसकी सूची बनाकर मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी को उपलब्ध करा दी जाए। विशेषकर मशीनों की संख्या बढ़ाई जाये, जिसमें सोनोग्राफी मशीन, मेमोग्राफी, ईसीजी मशीनें आदि शामिल है।

संभागायुक्त श्री सिंह ने निजी लैब प्रबंधन से अपेक्षा की है कि आगामी 23 अगस्त से 30 नवम्बर तक संभाग के सभी जिलों क्रमशः इंदौर, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खण्डवा और खरगोन जिले के सुदूर अंचलों में कुल 29 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जायेंगे।

## हेलमेट को लेकर दो युवतियों में विवाद

**बीच चौराहे पर हुई जमकर मारपीट**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में दो युवतियों के बीच हुई मारपीट का वीडियो सामने आया है, विवाद हेलमेट को लेकर हुआ। जानकारी मिलने के बाद एडिशनल डीसीपी जोन-2 अमरेंद्र सिंह ने मामले का संज्ञान लेने की बात कही है।**

वीडियो परदेशीपुरा चौराहे का बताया जा रहा है। घटना स्थल पर दोनों युवतियां अलग-अलग वाहनों से पहुंचीं। एक युवती ने दूसरी से हेलमेट मांगा, जिस पर बहस और मारपीट हो गई। इस दौरान दोनों ने एक-दूसरे के बाल भी नोचे। मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर उन्हें अलग किया। एडिशनल डीसीपी ने कहा कि सोशल मीडिया पर इस तरह के वीडियो आम हो गए हैं। फिलहाल दोनों युवतियों की तरफ से कोई शिकायत थाने में नहीं आई है। मामले की जांच की जा रही है और यदि आरोपियों की पहचान होती है, तो प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## युवक के साथ लूट की वारदात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। लसूडिया में रियल स्टेट का काम करने वाले युवक के साथ लूट की वारदात हो गई। इस मामले में 4 दिन बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक जैविन राय ने बताया कि 15 अगस्त की रात वह अपनी बाइक से घर जा रहे थे। ढाबली में नाले किनारे उनकी बाइक बंद हो गई। इस दौरान जब वे बाइक स्टार्ट कर रहे थे, तभी दो लड़के उनके पास आए। उन्होंने चाकू की नोंक पर मोबाइल, अंगूठी, चेन और घड़ी लूट ली। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गए। अगले दिन सुबह पीड़ित ने परिवार को जानकारी दी और थाने पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सोमवार को एफआईआर की है।

## पति और देवर ने पहले काटे बाल फिर गर्म चम्मच से दागा सिर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शिप्रा थाना क्षेत्र में पति और देवर ने क्रूरता की हदें पार कर दी। चरित्र शंका को लेकर महिला के साथ मारपीट की और उसके सिर के बाल काट डाले। उसके सिर में लोहे की गर्म चम्मच से मारा और जख्मी कर दिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

पुलिस के अनुसार घटना गंगा घाटी गारी पिपल्या की है। 22 वर्षीय काजल नाथ ने पति विजय अंबाराम नाथ और करण अंबाराम नाथ के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। आरोपित विजय



उस पर शक करता है। सोमवार को इसी बात पर विवाद हुआ था। विजय ने काजल के सिर के बाल काट दिए और गर्म चम्मच से जला दिया।उसके देवर करण ने भी मारपीट की। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाया और विजय व करण के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। एरोड्रम थाना अंतर्गत नगीन नगर में भी आरोपित कपिल जौहरी के खिलाफ उसकी पत्नी रोशनी ने केस दर्ज करवाया है। महिला ने पुलिस को बताया कपिल उस पर शक करता है। वह मायके से ससुराल आई थी। कपिल ने विवाद किया और सास कृष्णा व ससुर दीनदयाल ने मारपीट की। सूचना मिलने पर रोशनी का भाई आकाश, अमर, दीपक, अंकित और मां रजनी आई तो तीनों लोहे की चेन और बेल्ट से मारपीट कर डाली।

## चार साल से लापता आंध्रप्रदेश की महिला धामनोद में मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। चार साल से लापता एक महिला धामनोद की सड़कों पर लावारिस हालत में मिली है। पुलिस ने मंगलवार को महिला को उसके परिजनों को सौंप दिया है। महिला की मानसिक हालत ठीक नहीं थी और उसे मानसिक इंदौर चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। जुलाई माह में एक महिला धामनोद में सड़कों पर घूमती हुई मिली थी।**

महिला की मानसिक हालत ठीक नहीं थी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने महिला को मानसिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया और उसके परिजनों की तलाश प्रारंभ की। अस्पताल के कंसल्टेंट इंचार्ज डॉ. विजय निरंजन द्वारा बताया गया कि महिला को भर्ती कर उपचार प्रारंभ किया गया , लगभग दो हफ्ते बाद मानसिक स्थिति में सुधार आने पर महिला ने जिला



गुंटूर, आंध्रप्रदेश स्थित अपने गांव का नाम बताया। इसके बाद पुलिस ने उसके परिजनों से आंध्र प्रदेश में संपर्क किया तो पता चला कि जिला गुंटूर, आंध्र थाना मचावरम से यह महिला चार साल से गायब थी। वहां की पुलिस ने बताया कि उक्त महिला की गुमशुदगी रिपोर्ट उनके थाने में दर्ज है और परिजन लगातार महिला को खोज कर हार मान बैठे थे। धामनोद पुलिस ने इसके बाद परिजनों को बुलाकर महिला को उन्हें सौंप दिया है।

## इंदौर के कार्टूनिस्ट पीएम और आरएसएस से मांगेंगे माफी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर के कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस से माफी मांगेंगे। विवादित कार्टून बनाने के चलते इंदौर के युवक ने हाईकोर्ट फिर सुप्रीम कोर्ट से मालवीय की शिकायत की थी। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में सुनवाई हुई। मालवीय ने कोर्ट में कहा कि वह आरएसएस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अशोभनीय व्यंग्य चित्र बनाने के लिए फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर माफीनामा प्रकाशित करेंगे। मालवीय की ओर से पैरवी कर रहीं एडवोकेट वृंदा ग्रोवर ने सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच के समक्ष मालवीय का पक्ष रखा। इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की युगल पीठ कर रही है। पीठ ने मालवीय को गिरफ्तारी से दी गई अंतरिम सुरक्षा अगली सुनवाई तक बढ़ा दी।

## डिलीवरी कंपनी के ड्राइवर ने वेतन नहीं मिलने पर आत्महत्या कर ली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



इंदौर। इंदौर में डिलीवरी कंपनी के ड्राइवर ने छह माह से वेतन नहीं मिलने पर आत्महत्या कर ली। आर्थिक संकट से जूझ रहे ड्राइवर ने सोमवार रात कंपनी के सुपरवाइजर को फोन किया, इसके कुछ देर बाद उसने जहर खा लिया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परदेशीपुरा पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान वासुदेव माली (45) पुत्र पन्नालाल माली के रूप में हुई है। वह घर पर जहर पीकर पास के मंदिर में जाकर बैठ गया था। बेसुध हालत में मिलने पर पड़ोसियों ने भतीजे अनिल को बुलाया। अनिल ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। भतीजे अनिल ने बताया कि वासुदेव मल्टी मूट डिलीवरी कंपनी में ड्राइवर थे। बीते छह माह से उनकी सैलरी रोकी गई थी। घर में वृद्ध मां और बीमार भाई का सहारा सिर्फ वही थे। वासुदेव रोजाना कंपनी से सैलरी की मांग करते थे, लेकिन उन्हें टाल दिया जाता था। सोमवार रात भी उन्होंने कंपनी के सुपरवाइजर राहुल जैन से बात की थी, जिसके बाद यह कदम उठाया।

# किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर ने दिखाया समाज को आईना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नंदलालपुरा स्थित किन्नर समुदाय में सोमवार को धार्मिक आयोजन हुआ। इस अवसर पर संत भोज और सम्मान से पहले भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें किन्नर अखाड़ा, नई दिल्ली की आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी सहित कई संत उपस्थित रहे।**



आयोजन के दौरान डॉ. त्रिपाठी ने समाज को आईना दिखाते हुए कहा कि 'जो किन्नर आज घर-घर जाकर बधाई मांगते हैं, वे दरअसल उसी सभ्य समाज की देन हैं, जो अपने मासूम बच्चों को किन्नर बाड़े में छोड़ तो देता है लेकिन उनकी आजीविका के लिए पर्याप्त सहयोग नहीं करता।'

उन्होंने त्योहारों और खास अवसरों पर किन्नरों द्वारा मांगी जाने वाली राशि का समर्थन करते हुए कहा कि जब समाज खुद बच्चों को किन्नर बाड़े में छोड़ता है तो उनके भविष्य और आजीविका की जिम्मेदारी भी समाज को ही समझनी चाहिए। सोचिए, जब वे बड़े होते हैं तो उनके मन में समाज के प्रति क्या भावनाएं रहती होंगी। अगर लोग अपने बच्चों को किन्नर बाड़े में छोड़ना बंद कर देंगे तो नए किन्नर बनना ही बंद हो जाएंगे, उन्होंने कहा। डॉ. त्रिपाठी ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी किन्नर एक जैसे नहीं होते। पढ़े-लिखे और योग्य होने के बावजूद समाज उन्हें बराबरी का हक, नौकरी या सम्मानजनक अवसर नहीं देता। उन्होंने ने कहा 'मैं खुद भी गोरखपुर के एक ब्राह्मण परिवार में पैदा हुई थी, पढ़ाई-लिखाई की, योग्य भी थी। लेकिन किन्नर होने की वजह से मुझे समाज में प्रताड़ना झेलनी पड़ी और किसी ने मुझे आजीविका का साधन नहीं दिया'। उन्होंने कहा कि समाज को यह समझना चाहिए कि 'घोड़ा अगर घास से यारी करेगा तो खाएगा क्या?' यानी अगर किन्नरों को बधाई से पर्याप्त आय नहीं होगी तो वे जियेंगे कैसे।

### दिसंबर तक इंदौर को मिलेंगे

# 10 सांदीपनि स्कूल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सीएम राइज स्कूल, जिसे मुख्यमंत्री ने अब सांदीपनि स्कूल नाम दिया है, उसकी समीक्षा कलेक्टर आशीष सिंह ने की। इंदौर जिले में कुल 11 सांदीपनि स्कूल भवन प्रस्तावित हैं। इनमें से 10 का कार्य प्रगति पर है, जबकि 1 भवन के लिए मूसाखेड़ी में 5 एकड़ जमीन नहीं मिलने से निर्माण शुरू नहीं हो सका। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी भवनों का निर्माण कार्य दिसंबर 2025 तक पूर्ण कर लिया जाए और फर्नीचर सहित सभी आवश्यक सुविधाएं भी समय पर उपलब्ध कराई जाएं।

निर्माण एजेंसी ने बताया कि जिले में 3 सांदीपनि स्कूल पहले ही बन चुके हैं। 10 में से 7 विद्यालय भवन अब फिनिशिंग स्तर पर पहुंच चुके हैं, जबकि शेष 3 भवनों का कार्य तेजी से जारी है। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय भवन जिले की शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रगति का प्रतीक बनेगा। बैठक में यह भी बताया गया कि बीड़ी श्रमिकों सहित चूना पत्थर, थर, डोला माइड और लौह मैग्जीन क्रोमखदान श्रमिकों के बच्चों



को शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता योजना के तहत छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। कक्षा पहली से लेकर उच्च शिक्षा तक विद्यार्थियों को 1,000 से लेकर 25,000 तक की छात्रवृत्ति दी जाएगी। विशेष तौर पर उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 25,000 की सहायता मिलेगी।

### आवेदन की अंतिम तिथियां तय

छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति : 31 अगस्त तक। पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति : 31 अक्टूबर तक।

## रात में ड्यूटी से देर से घर लौटा...पत्नी से कहासुनी...फांसी लगाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र में एक युवक ने घरेलू विवाद के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना मोतीलाल की चाल की है। यहां रहने वाले रजत नंदवाल (27) पुत्र कन्हैया नंदवाल ने सोमवार देर रात अपने घर में यह कदम उठा लिया। पुलिस के मुताबिक, रजत रात में ड्यूटी से देर से घर लौटा था। इसी बात को लेकर उसकी पत्नी से कहासुनी हो गई। झगड़े के दौरान रजत का छोटा भाई रवि रात करीब 12 बजे गेट खुलवाकर घर से निकल गया और चाचा जगन्नाथ के यहां जाकर सो गया। इसी बीच जब रजत की पत्नी चैनल गेट का ताला लगाने नीचे आई, तब तक रजत फांसी लगा चुका था। घबराई पत्नी ने तुरंत पास ही रहने वाले रिश्तेदारों और देवर को इसकी जानकारी दी। मृतक रजत की शादी को दो साल हुए हैं और उसकी पत्नी नौ माह की गर्भवती है। रजत के माता-पिता की पहले ही बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। परिवार में अब केवल छोटा भाई रवि है। बताया जाता है कि रजत नगर निगम में एक निजी ठेकेदार के पास काम करता था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## ढाई इंच गिरा पानी, इंदौर हुआ तरबतर, जारी रहेगा बारिश का दौर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में सोमवार दोपहर से बारिश का सिलसिला शुरू हुआ। रात भर रुक-रुककर रिमझिम होती रही और मंगलवार सुबह थोड़ी देर बारिश के बाद आसमान साफ हो गया। हालांकि, दोपहर 2 बजे से शहर के अलग-अलग इलाकों में तेज बारिश शुरू हो गई। पिछले 24 घंटों में सवा इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। एरोड्रम स्थित मौसम केंद्र के मुताबिक मंगलवार सुबह 8:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक 67 मिली मीटर बारिश यानी ढाई इंच से ज्यादा रिकॉर्ड की गई है। सीजन में अब तक करीब 18 इंच बारिश हो चुकी है।

**मुंबई कनेक्शन से सक्रिय हुआ मानसून-** मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस बार मानसून का मुंबई कनेक्शन देखने को मिला है। अरब सागर में बना सिस्टम पहले मुंबई में सक्रिय हुआ और उसके बाद इंदौर में असर दिखा। विशेषज्ञों का कहना है कि जैसे दिल्ली का मौसम 48 घंटे में मालवा पर असर डालता है, वैसे ही मुंबई की बारिश के 24 घंटे बाद इंदौर में भी बादल सक्रिय हो जाते हैं।

**सोमवार को बदला मौसम का मिजाज-** सोमवार सुबह आसमान साफ और धूप खिली थी। दोपहर 12 बजे के बाद मौसम ने करवट ली और 1 से 2 बजे के बीच पूरे शहर में जोरदार बारिश हुई। मंगलवार को भी कुछ समय तक बारिश की संभावना जताई गई है। इसके बाद बंगाल की खाड़ी में एक और सिस्टम बनने की संभावना है, जिससे अगस्त के अंत तक बारिश का दौर जारी रहेगा।

**20 अगस्त के बाद सक्रिय होगा बंगाल का सिस्टम-** मौसम विशेषज्ञ अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि अरब सागर का सिस्टम अब गुजरात की ओर बढ़ रहा है। इस वजह से इंदौर में तेज बारिश के बाद थोड़ी देर में पानी थम गया। वहीं बंगाल की खाड़ी में बना सिस्टम 20 अगस्त के बाद एक्टिव होगा, जिससे इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में फिर से तेज बारिश होगी। अगस्त के अंतिम दिनों में पूरा मध्यप्रदेश भीगने की संभावना है।

## अहिल्या उत्सव पर 22 अगस्त को आधे दिन का अवकाश रहेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** अहिल्या उत्सव के अवसर पर इंदौर जिले में 22 अगस्त शुक्रवार को आधे दिन का अवकाश रहेगा। यह अवकाश बैंक और कोषालय पर लागू नहीं होगा। यह अवकाश कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा जिले के लिए घोषित स्थानीय अवकाश में शामिल है। इसी तरह जिले के लिए दशहरे के दूसरे दिन तीन अक्टूबर शुक्रवार को भी जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा।

## केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री 23 अगस्त को करेंगे पौधारोपण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत 23 अगस्त को नायता मुंडला क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के सामने स्थित सड़क किनारे ग्रीन बेल्ट में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण शामिल होंगे। वृक्षारोपण अभियान का उद्देश्य शहर को अधिक हरित, स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाना है।

# संघ ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में शाखाओं से जोड़ने की योजना बनाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आरएसएस 100 साल पूरे होने पर शताब्दी वर्ष मना रहा है। जिसकी शुरूआती इंदौर से ही हुई थी। 100 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने मालवा प्रांत में यूथ एवं प्रोफेशनल्स को ज्यादा से ज्यादा संख्या में शाखाओं से जोड़ने की योजना बनाई है। शाखाओं की संख्या बढ़ाने के लिए युवाओं की सुविधा से टाइमिंग भी एडजस्ट की जा रही है। युवाओं की सुविधा से सुबह से लेकर शाम तक किसी भी समय शाखा लगाई जा सकेगी। शताब्दी वर्ष में गोष्ठियां और पंच परिवर्तन के कार्यक्रमों का कैलेंडर भी तैयार किया गया है।**



संघ सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में संघ के पदाधिकारी शताब्दी वर्ष के आयोजनों के रोडमैप की तैयारी में जुटे हैं। 26 अगस्त से दिल्ली में तीन दिनी कार्यक्रम के बाद मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु में भी संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत की मौजूदगी में संवाद-संपर्क के आयोजन रखे गए हैं। संघ ने साल भर के कार्यक्रमों की श्रृंखला तैयार की है। प्रदेश में मंडल और बस्ती शाखाओं के विस्तार की योजना बनाई गई है। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि पंच परिवर्तन के तहत स्वदेशी, पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता और कुटुंब प्रबोधन के कार्यक्रमों की श्रृंखला बनाई गई है। बड़े शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी शाखाओं से नए लोगों को जोड़ने पर फोकस किया गया है। उनका कहना है कि शासकीय और निजी नौकरियों से रिटायर हो रहे अधिकारी-कर्मचारियों को भी संघ परिवार के कार्यक्रमों से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए उनसे संपर्क किया जा रहा है। बता दें कि संघ शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम विजयादशमी (2 अक्टूबर 2025) से शुरू हो जाएंगे।

## कांग्रेस बोली- मप्र में 8-9% वोट की चोरी हुई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के मुद्दे पर चुनाव आयोग पर सवाल उठाए। इसके बाद मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने 2023 के विधानसभा चुनाव में करीब 16 लाख वोटों का हेरफेर किए जाने का आरोप लगाया है। उनके आरोपों को लेकर आयोग का पक्ष जानना चाहा तो कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद आयोग की वेबसाइट चेक की तो अंडर मेंटेनेंस का मैसेज शो हुआ। भोपाल में सिंघार ने कहा- हमने मध्यप्रदेश के बारे में चीजें समझी कि किस तरह से वोट चोरी कर फर्जी जनादेश लेकर भाजपा ने सरकार बनाई। इसमें चुनाव आयोग ने किस तरह से भाजपा की सरकारें बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। चुनावी साल 2023 में मध्यप्रदेश में 34 लाख से ज्यादा नाम जोड़े गए। अंतिम दो माह में हर रोज 26 हजार वोट जोड़े। टोटल 16 लाख वोट जोड़े गए। 2018 के चुनाव में भाजपा को कांग्रेस से 1% से ज्यादा वोट मिले थे। लेकिन 2023 में यह बढ़ कर 8-9% हो गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश में लगभग 8-9% वोट की चोरी हुई। उमंग सिंघार ने मध्य प्रदेश में मतदाता सूची में गड़बड़ियों को उदाहरण समेत सामने रखा। सिंघार ने कहा- 2023 के विधानसभा चुनाव में दो महीने में ही करीब 16 लाख वोटर बढ़े थे। चुनाव आयोग ने एक पत्र 9 जून 2023 को छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, मिजोरम और राजस्थान के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों को जारी किया।

# लव जिहाद और ड्रग माफिया पर कसेंगे शिकंजा अपराधियों को लगाएंगे ठिकाने : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### राज्य सरकार बहन-बेटियों को हर संभव सुरक्षा प्रदान करने के लिए संकल्पित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महिलाओं पर कुदृष्टि डालने वाले, ड्रग माफिया और लव जिहादियों को किसी भी स्थिति में नहीं छोड़ा जाएगा। लव जिहाद हो या ड्रग माफिया, इनके माध्यम से जो भी आपराधिक गतिविधियां की जा रही हैं, उन पर सख्त कार्रवाई करते हुए शिकंजा कसा जा रहा है। राज्य सरकार किसी अपराधी को छोड़ने वाली नहीं है। सबको एक-एक कर ठिकाने लगाएंगे। सभी प्रकार के अपराधों पर अंकुश लगाते हुए बहन-बेटियों को हर संभव सुरक्षा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को नर्मदापुरम रोड स्थित आमिर मैजेस्टिक पार्क में आयोजित रक्षाबंधन महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बहनों से राखियां




भी बंधवाईं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार नारी सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। रक्षाबंधन से पहले बहनों को लाड़ली बहना योजना की मासिक किश्त सहित 250 रुपए का शगुन अलग से भेजा गया है। बहनों के हाथ में यश होता है, लक्ष्मी पूजन भी उन्हीं के माध्यम से होता है। अब दीपावली के बाद भाई-दूज से प्रदेश भर की लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपए की सौगात मिलेगी। बहनों का स्नेह मेरे जीवन का सबसे बड़ा आधार है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बहनों की ओर से बड़ी राखी भेंट की गई, इसके बाद अनेक लाड़ली बहनों ने उन्हें राखियां बांधीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी बहनों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि बहनों के साथ बैठने से माता और पिता दोनों का प्रेम एक साथ मिल जाता है, जीवन धन्य हो जाता है। परिवार में बहन-भाई का रिश्ता युगों-युगों से अटूट है। महाभारत काल में भगवान श्रीकृष्ण और द्रोपदी का रिश्ता भाई-बहन के प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजधानी भोपाल के हुजूर विधानसभा क्षेत्र में 200 करोड़ की लागत से सीवर लाइन सहित अन्य विकास कार्य किए जाएंगे। स्थानीय विधायक एवं पूर्व प्रोटेम स्पीकर श्री रामेश्वर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव बेटियों की सुरक्षा और लाड़ली बहनों के कल्याण के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेशभर की बहनों ने अपने भाई और मुख्यमंत्री को राखी बांधी है।

### फ्रिज में कटे रखे टुकड़े, केरल स्टोरी के स्लोगन...

# उज्जैन में लव जिहाद की झांकी पर मचा बवाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। जिले में भगवान शिव शंकर की श्री मनकामेश्वर मंदिर से निकलने वाली झांकी के साथ लव जिहाद की झांकी पर प्रसासन की रोक लगाने पर हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं और हिन्दू समाज के लोगों ने जमकर बवाल काटा ओर झांकी निकालने की बात पर अड़ गए।**

बताया जा रहा है कि लवजिहाद की झांकी में प्रतीकात्मक रूप से एक लड़की को फ्रिज में काट कर बताया गया और केरल स्टोरी सहित अन्य स्लोगन बैनर पर लिखे गए थे। इस झांकी की शिकायत किसी ने पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और झांकी को सवारी से हटवाया गया। पुलिस प्रशासन के




इस प्रकार के रवैये से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में रोष उत्पन्न हो गया। इसी बात को लेकर हिन्दू समाज के लोग आक्रोशित हो गए, मामले को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल,एसडीओपी जेंडेन लिंगजेरपा, डीएसपी भारतसिंह यादव के साथ झारड़ा थाना प्रभारी आनंद भाबोर सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और काफी समझाइश के बाद हिन्दू वादी संगठन में गया और सवारी पुनः श्री मनकामेश्वर मंदिर के लिए शुरू हुई। इस दौरान झांकी को महाबली चौपाटी स्थीत पुलिस चौकी पर रखा गया। जानकारी अनुसार हर साल हिन्दू समाज के युवाओं द्वारा समाज को एकता समरसता का संदेश देते हुए झाकिया निकाली जाती हैं। इस वर्ष भी अलग-अलग प्रकार की झाकियां तैयार कर शाही सवारी में शामिल किया गया था। इसमे एक झांकी ग्राम बिछडोद सहित अन्य ग्रमीण क्षेत्रों में हुई लव जिहाद की घटनाओं की पेपर कटींग के साथ स्लोगन से तैयार की गई थी। झांकी में लवजिहाद में प्रतीकात्मक रूप से एक लड़की को फ्रिज में काट कर बताया गया और केरला स्टोरी सहित अन्य स्लोगन बैनर पर लिखे गए। बताया जाता है की इस सवारी को निकालने को लेकर प्रसासन ने मना कर दिया। उसके बाद भी झांकी को निकाला जा रहा था। जिसकी सूचना पुलिस प्रसासन को मिली तो उन्होंने इस झांकी को रोका ओर झांकी को सवारी से हटवा दिया।

## सरकारी बाबू एक लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार

**भोपाल।** अनुसूचित जाति विकास कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड वन के बाबू को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा। जबलपुर लोकायुक्त पुलिस ने ये कार्रवाई की। आरोपी बाबू जीवन लाल बरार ने छिंदवाड़ा में सहायक ग्रेड 2 में पदस्थ उषा दाभीरकर के जाति प्रमाण पत्र की जांच को दबाने के लिए 5 लाख रुपए मांगे थे। इसकी पहली किश्त लेकर आरोपी ने अपने घर जी-1 प्रशासनिक अकादमी के सामने पंचशील नगर भोपाल बुलाया था। वाणिज्य कर कार्यालय छिंदवाड़ा में सहायक ग्रेड 2 में पदस्थ उषा दाभीरकर की जाति प्रमाण पत्र को लेकर कुछ समस्या थी। इसकी जांच कार्यालय आयुक्त अनुसूचित जाति विकास विभाग राजीव गांधी भवन भोपाल द्वारा की जा रही थी। उषा दाभीरकार की नौकरी 2 साल की बची थी। वरिष्ठ अधिकारियों से जांच दबाकर रखने के लिए आरोपी रिश्वत की डिमांड कर रहा था।

## भोपाल में किसान सम्मेलन में शामिल होने आएंगे पीएम मोदी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्दी ही भोपाल में किसान सम्मेलन को संबोधित करने आएंगे। सीएम मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सोमवार को मुलाकात की है। किसान तीन से चार फसलें एक साल में ले रहे हैं। भोपाल में किसान सम्मेलन होना है। इसके लिए पीएम मोदी को न्यौता दिया है। पीएम मोदी जब समय देंगे तो भोपाल में किसान सम्मेलन की तैयारियां शुरू हो जाएंगी। धार में पीएम मित्रा पार्क में टेक्सटाइल हब विकसित करने की तैयारी है। पीएम मोदी की इसमें रुचि है। इसके उद्घाटन के लिए पीएम मोदी धार आने वाले हैं। आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी बहुत जरूरी है। यह आह्वान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था।

## एकलव्य आवासीय स्कूल की 30 छात्राएं बीमार, उल्टी और घबराहट की आई थी शिकायत; मेडिकल टीम रवाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के ग्राम बाजना में स्थित पीएम श्री एकलव्य आवासीय स्कूल (छात्रावास) में रह रही करीब 30 छात्राओं की सोमवार रात अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें बुखार, सिर दर्द, उल्टी व घबराहट की शिकायत हो रही थी। छात्राओं को बाजना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया।कुछ छात्राओं को प्राथमिक उपचार के बाद रात में ही छुट्टी दे दी गई थी। वहीं 13 छात्राओं को मंगलवार सुबह छुट्टी दी गई। सुबह 10 बजे बाद पुनः आठ-दस छात्राओं की तबीयत बिगड़ी तो उन्हें पुनः बाजना के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। छात्राओं के बीमार होने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। दोपहर में रतलाम के मेडिकल कालेज की टीम जांच के लिए बाजना के लिए रवाना हुई है। ग्रामीणों के अनुसार सोमवार की रात करीब आठ बजे छात्राओं की तबीयत बिगड़ने लगी तथा उन्हें घबराहट होने के साथ बुखार हुआ तथ सिर दर्द होने लगा। इसके बाद रात करीब दस बजे करीब 30 छात्राओं को बाजना के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलने पर जिला पंचायत सदस्य शरद डोडियार, बाजना के बीएमओ डा. जितेंद्र जायसवाल व अन्य अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे और छात्राओं के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई परिषद् के शासी निकाय की बैठक

# विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन का जमीनी स्तर पर किया जाए अध्ययन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जन अभियान परिषद् से जुड़ी संस्थाएं नशामुक्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ग्राम और वार्ड स्तर तक गतिविधियां संचालित करें और प्रभावित व्यक्तियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें।**

जन अभियान परिषद् राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रभावशीलता का भी जमीनी स्तर पर अध्ययन कर फीडबैक और सुझाव दे, इससे योजनाओं को अधिक समाज अनुकूल बनाने में मदद मिलेगी। परिषद् से जुड़ी संस्थाओं का कार्य थर्ड पार्टी आंकलन के समान हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ये निर्देश मंत्रालय में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के शासी निकाय की 15वीं वार्षिक सामान्य बैठक में दिए।

**पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का माध्यम बनेगा 'माटी गणेश-सिद्ध गणेश' अभियान-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में स्वदेशी को प्रोत्साहित करने के लिए लघु, कुटीर उद्योग तथा स्व-सहायता समूहों से मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। जनअभियान परिषद् से जुड़ी संस्थाएं इस दिशा में सहभागिता को प्रोत्साहित करने हुए गतिविधियां संचालित करें। बैठक में सर्पदंश से सुरक्षा और सर्परक्षा के लिए थाना स्तर पर संचालित की जाने वाली जागरूकता, प्रशिक्षण और अध्ययन गतिविधियों की जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि परिषद्, स्वैच्छिकता और स्वावलंबन के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के लिए पर्यावरण संरक्षण, व्यक्तित्व विकास, नागरिक एवं सामाजिक अनुशासन पर केन्द्रित गतिविधियां, सीएम सोशल इंटर्नशिप, युवा जन अभियान और पंख गतिविधियां संचालित करने जा रही है। 'माटी गणेश-सिद्ध गणेश' अभियान के अंतर्गत परिषद् के प्रशिक्षित नैटवर्क द्वारा गांव और वार्डों की महिलाओं को मिट्टी से भगवान गणेश की प्रतिमा बनाने के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## संपादकीय


# ऑनलाइन गेम्स पर बैन की तैयारी में मोदी सरकार

सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग पर पूरी तरह से बैन लगाने का मन बना लिया है। केंद्रीय कैबिनेट ने ऑनलाइन गेमिंग के प्रचार और रेगुलेशन से संबंधित एक विधेयक को मंजूरी दे दी है। इसमें धन से जुड़े ऑनलाइन गेमिंग या इसके विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने के प्रावधान के साथ इन्हें पेश करने या विज्ञापन देने वालों के लिए जेल या जुर्माना, या दोनों का प्रावधान किया गया है। इसमें ऐसे खेलों को ई-स्पोर्ट्स या ऑनलाइन सोशल गेम्स से अलग किया गया है। इसे बुधवार को संसद में पेश किये जाने की उम्मीद है। सूत्र ने कहा कि साथ ही, विधेयक ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को बढ़ावा देने का आह्वान करता है। यह स्वीकार करता है कि ई-स्पोर्ट्स को औपचारिक मान्यता भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धी गेमिंग परिदृश्य में शामिल होने, नवोन्मेष को बढ़ावा देने, भारतीय स्टार्टअप परिवेश के लिए अवसर पैदा करने और देश को खेल विकास के लिए एक वैश्विक महाशक्ति बनाने में सक्षम बनाएगी। विधेयक में प्रस्ताव है कि निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन करके ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवा प्रदान करने वाले किसी भी व्यक्ति को तीन साल तक की कैद या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। नियमों का उल्लंघन करके विज्ञापन देने वालों के लिए भी प्रावधानों में दो साल तक की कैद या 50 लाख रुपये तक का जुर्माना, या दोनों का प्रावधान है। इसके अलावा, किसी भी तरह के लेन-देन में शामिल लोगों को तीन साल तक की कैद या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। ऑनलाइन मनी गेमिंग से संबंधित उल्लंघन के लिए बार-बार अपराध करने पर कठोर कारावास (3-5 साल) के साथ-साथ जुर्माना भी हो सकता है। सूत्र ने कहा कि हालांकि, किसी भी उत्पीड़न से बचने के लिए, विधेयक धन से जुड़े ऑनलाइन गेम खेलने वाले किसी भी व्यक्ति को अपराधी नहीं बनाता है। इसके पीछे सोच उन्हें अपराध करने वालों के बजाय पीड़ितों के रूप में मानना है। साथ ही, यह विधेयक उन लोगों पर नकेल कसता है जो इसे बढ़ावा देते हैं। यह बैंकों और वित्तीय संस्थानों को वास्तविक धन वाले ऑनलाइन गेम से संबंधित धनराशि के प्रसंस्करण या हस्तांतरण पर प्रतिबंध लगाता है। सूत्रों ने बताया कि इस विधेयक का उद्देश्य ऑनलाइन सोशल गेम्स और ई-स्पोर्ट्स को बढ़ावा देकर ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करना है। साथ ही जनहित में धन से जुड़ी ऑनलाइन गेमिंग पर प्रतिबंध लगाना है। उन्होंने बताया कि यद्यपि भारत में गेमिंग परिदृश्य में तीव्र वृद्धि देखी गई है, फिर भी नियामक परिवेश अभी भी अस्पष्ट बना हुआ है।




## ज्ञान-विज्ञान

# ISRO का नया कमाल... 40 मंजिला रॉकेट बनाएगा, 75 टन वजन अंतरिक्ष में ले जाएगा



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एक बार फिर अपने दमखम से दुनिया को हैरान करने की तैयारी में है. इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने घोषणा की कि इसरो एक ऐसा विशाल रॉकेट बना रहा है, जो 40 मंजिला इमारत जितना ऊंचा होगा. 75,000 किलोग्राम (75 टन) वजन को पृथ्वी की निचली कक्षा (लो-अर्थ ऑर्बिट) में ले जाएगा. यह भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए एक ऐतिहासिक कदम है.

### 40 मंजिला रॉकेटः क्या है यह नया प्रोजेक्ट?

इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने हैदराबाद में उस्मानिया विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में इस नए रॉकेट के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि यह रॉकेट इतना विशाल होगा कि इसकी ऊंचाई 40 मंजिला इमारत के बराबर होगी. यह रॉकेट 75 टन (75,000 किलोग्राम) वजन के उपग्रह को लो अर्थ ऑर्बिट (LEO) में स्थापित कर सकेगा. लो अर्थ ऑर्बिट वह कक्षा है जो पृथ्वी से 600-900 km की ऊंचाई पर होती है, जहां संचार-ऑब्जरवेशन उपग्रह रखे जाते हैं.

नारायणन ने इसकी तुलना भारत के पहले रॉकेट से की, जिसे डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने बनाया था. वह रॉकेट (SLV-3) केवल 17 टन वजन का था. 35 किलोग्राम का उपग्रह कक्षा में ले जा सकता था. इसरो का नया रॉकेट उससे 2000 गुना ज्यादा वजन ले जाने की क्षमता रखता है. यह भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की प्रगति को दर्शाता है.

### इसरो के इस साल के बड़े प्रोजेक्ट

नारायणन ने बताया कि 2025 में इसरो कई बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है...

नाविक (NAVIC) उपग्रहः यह भारत का अपना नेविगेशन सिस्टम है, जो GPS का विकल्प है. यह सैन्य और नागरिक उपयोग के लिए सटीक स्थान और समय की जानकारी देता है.

N1 रॉकेटः यह इसरो का एक नया रॉकेट है, जिसके बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन यह भविष्य के मिशनों के लिए महत्वपूर्ण होगा.

अमेरिका का संचार उपग्रहः इसरो अपने LVM3 रॉकेट से अमेरिका के 6,500 किलोग्राम वजन वाले ब्लॉक-2 ब्लूबर्ड उपग्रह को कक्षा में स्थापित करेगा. यह उपग्रह AST SpaceMobile कंपनी का है और यह स्मार्टफोन्स को सीधे अंतरिक्ष से इंटरनेट कनेक्शन देगा. यह भारत की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष सहयोग की ताकत को दर्शाता है.

टेक्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेशन सैटेलाइट (TDS): यह उपग्रह नई तकनीकों का परीक्षण करेगा, जो भविष्य के मिशनों के लिए आधार तैयार करेगा.

GSAT-7R: यह भारतीय नौसेना के लिए एक सैन्य संचार उपग्रह है, जो मौजूदा GSAT-7 (रुक्मिणी) की जगह लेगा. यह नौसेना की संचार क्षमता को और मजबूत करेगा.

### क्यों है यह रॉकेट खास?

विशाल क्षमताः 75 टन का पेलोड ले जाना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है. अभी इसरो का सबसे भारी रॉकेट LVM3 है, जो 10,000 किलोग्राम तक का पेलोड लो अर्थ ऑर्बिट में ले जा सकता है. नया रॉकेट इससे सात गुना ज्यादा वजन ले जाएगा. तुलना के लिए, दुनिया का सबसे भारी व्यावसायिक उपग्रह जुपिटर 3 (9,200 किलोग्राम) है, जिसे स्पेसएक्स ने लॉन्च किया था.

स्वदेशी तकनीकः इस रॉकेट में इसरो की स्वदेशी तकनीक का उपयोग होगा, जो भारत की आत्मनिर्भरता को दर्शाता है.

अंतरराष्ट्रीय सहयोगः अमेरिका के 6,500 किलोग्राम के उपग्रह को लॉन्च करना भारत की अंतरिक्ष में बढ़ती विश्वसनीयता को दिखाता है.

सैन्य और नागरिक उपयोगः यह रॉकेट सैन्य संचार, पृथ्वी अवलोकन और नेविगेशन जैसे क्षेत्रों में भारत की ताकत बढ़ाएगा.

पुनः उपयोग की संभावनाः इसरो पहले से ही नेक्स्ट जनरेशन लॉन्च व्हीकल (NGLV) पर काम कर रहा है, जिसमें पहला चरण पुनः उपयोग योग्य होगा. यह नया रॉकेट भी इस दिशा में एक कदम हो सकता है.

## Haryana

# बहादुरगढ़ में KMP एक्सप्रेसवे पर हादसा: महिला सहित चार मजदूरों की मौत, 33 घायल; कंटेनर ने पिकअप को मारी टक्कर

झज्जर/बहादुरगढ़। बहादुरगढ़ में कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें चार मजदूरों की मौत हो गई और 33 अन्य घायल हो गए। मृतकों में एक महिला और तीन पुरुष शामिल हैं, जबकि घायलों में महिलाएं और छोटे बच्चे भी हैं।

जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी के अमन नगर से आए प्रवासी मजदूर फसल कटाई के लिए हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के घोड़ाकैमला गांव जा रहे थे। ये मजदूर एक पिकअप गाड़ी में सवार थे, जिसमें करीब 37 लोग बैठे थे। रात करीब 1:30 बजे केएमपी



एक्सप्रेसवे पर बादली के पास एक तेज रफ्तार कंटेनर ने पिकअप गाड़ी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप गाड़ी पलट गई, जिससे कई मजदूर सड़क पर बिखर गए। हादसे में पांच मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में एक महिला और तीन पुरुष शामिल हैं। घायलों में महिलाएं और छोटे बच्चे भी हैं, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों में से 8 का इलाज बहादुरगढ़ के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है, जबकि शेष 25 घायलों को बेहतर उपचार के लिए रोहतक के पीजीआईएमएस रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही बादली थाना पुलिस और केएमपी एक्सप्रेसवे की यूपीडा टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया।

## New Delhi

# दिल्ली के 50 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, डॉग स्क्वायड और बम डिस्पोजल टीम मौके पर




**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली के स्कूलों को फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है. जानकारी के मुताबिक, मालवीय नगर के एक स्कूल, करोल बाग के अन्य स्कूलों समेत 50 से ज्यादा स्कूलों को ई-मेल के जरिए धमकी दी गई है. हौज रानी और प्रसाद नगर में आंध्रा स्कूल को भी बम से उड़ने की धमकी भरे मेल भेजे गए हैं. अभी दो दिन पहले ही 32 स्कूलों को धमकी दी गई थी. दिल्ली में आज ही 50 से ज़्यादा स्कूलों को बम की धमकी वाले ईमेल मिले हैं.

दिल्ली पुलिस की टीम डॉग स्क्वायड की टीम बम डिस्पोजल टीम और फायर विभाग की टीम स्कूलों में पहुंचकर तलाश कर रही है. खबर लिखे जाने तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है. इससे पहले 18 अगस्त को द्वारका में दो स्कूल और एक कॉलेज को बम की धमकी मिली थी, जिसके बाद सुरक्षा के मद्देनजर स्कूल को खाली कराया गया. इनमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, द्वारका भी शामिल है. मौके पर पुलिस और बम निरोधक दस्ते को तलाशी के लिए बुलाया गया था. जानकारी के मुताबिक, स्कूलों को मेल करके बम से उड़ाने की धमकी दी गई. पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है. फायर डिपार्टमेंट को 7 बजकर 24 मिनट पर इसकी जानकारी मिली. सूत्रों के मुताबिक खबर लिखे जाने तक जांच में कुछ नहीं मिला है. इससे पहले भी दिल्ली के कई स्कूलों को धमकी मिली है, लेकिन जांच के बाद आजतक कुछ भी सामने नहीं आया है.

## Uttarpradesh

# मुंबई में लगातार बारिश से सड़कें डूबीं



**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के कई जिलों में मंगलवार को तेज बारिश जारी है। पिछले दो दिनों में बारिश से जुड़े हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई। अगले 48 घंटे मुंबई, ठाणे, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिले में रेड अलर्ट है। बीते दो दिन में 14 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 8 नांदेड़ से थे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि सेना रेस्क्यू में जुटी है। करीब 500 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। मुंबई में करीब 300 mm बारिश हुई है। मीठी नदी का जलस्तर घट रहा है। हालांकि अभी भी कई इलाकों में अलर्ट है।

## Hyderabad

# हैदराबाद में भगवान गणेश की मूर्ति ले जाते समय दो लोगों की करंट लगने से मौत

**हैदराबाद, (एजेंसी) बंदलागुडा इलाके में सोमवार को आधी रात के बाद भगवान गणेश की मूर्ति ले जा रहे एक वाहन के हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो लोगों की कथित तौर पर करंट लगने से मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।**

बंदलागुडा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना एक होटल के पास रात करीब एक बजे हुई जब एक समूह वाहन में मूर्ति को स्थापना के लिये ले जा रहा था। पुलिस ने बताया कि घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि ऐसी ही एक घटना में रविवार आधी रात को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर निकली



शोभायात्रा में एक बग्घी के बिजली के तारों के संपर्क में आने से करंट लगने से पांच लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे में चार लोग घायल हो गये थे।

## खेल

# महिला विश्व कप के लिए भारतीय टीम का एलान शेफाली का चयन नहीं, रेणुका की वापसी

**मुंबई, (एजेंसी)** महिला वनडे विश्व कप 2025 के लिए मंगलवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय महिला टीम का एलान कर दिया। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी और स्मृति मंधाना की उपकप्तानी में भारतीय टीम पहली बार खिताब जीतने का लक्ष्य लेकर उतरेगी। इस टीम में फिटनेस हासिल कर चुकी रेणुका सिंह ठाकुर की वापसी हुई है जबकि शेफाली वर्मा को मौका नहीं मिला है।

भारत और श्रीलंका की मेजबानी में इस साल महिला वनडे विश्व कप का आयोजन होगा। यह वैश्विक टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू होगा जिसका फाइनल मुकाबला दो नवंबर को खेला जाएगा। इसके मुकाबले भारत और श्रीलंका के पांच शहरों में होंगे जिसमें बंगलूरू का एम चिन्नास्वामी, गुवाहाटी का एसीए स्टेडियम, इंदौर का होल्कर स्टेडियम, विशाखापत्तनम




का एसीए-वीडीसीए स्टेडियम और कोलंबो का आर प्रेमादासा स्टेडियम शामिल है।

इस वैश्विक टूर्नामेंट का आयोजन 12 साल बाद भारत में किया जाएगा। पहला सेमीफाइनल मुकाबला 29 अक्तूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में होगा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल मैच 30 अक्तूबर को बंगलूरू में खेला जाएगा। फाइनल में पहुंचने वाली दोनों टीमों को तैयारियों के लिए दो दिन का समय मिलेगा। महिला वनडे विश्व कप का खिताबी मुकाबला दो नवंबर को बंगलूरू या कोलंबो में खेला जाएगा।

महिला वनडे विश्व कप में आठ टीमें हिस्सा लेंगी जिसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया इस टूर्नामेंट में गत चैंपियन के तौर पर उतरेगी। उसने 2022 में न्यूजीलैंड में खेले गए पिछले विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड को हराया था। ऑस्ट्रेलिया सात बार खिताब जीत चुकी है और वह टूर्नामेंट इतिहास की सबसे सफल टीम है। भारत पहले इसका इकलौता मेजबान था लेकिन टूर्नामेंट के मैच अब बंगलूरू, गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम और कोलंबो में खेले जाएंगे। कोलंबो को इसलिए जोड़ा गया है क्योंकि पाकिस्तान आईसीसी टूर्नामेंटों के लिए भारत नहीं आयेगा और इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी गई थी।

भारतीय टीम श्रीलंका और पाकिस्तान के साथ खेलने के बाद नौ अक्तूबर को दक्षिण अफ्रीका और 12 अक्तूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापत्तनम में खेलेगी। टीम 19 अक्तूबर को इंदौर में इंग्लैंड से भिड़ेगी और फिर 23 अक्तूबर को गुवाहाटी में उसके सामने न्यूजीलैंड की चुनौती होगी। भारतीय टीम 26 अक्तूबर को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बांग्लादेश का सामना भी करेगी। महिला विश्व कप 2025 के भारतीय महिला टीमः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, अमनजोत कौर, राधा यादव, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर) और स्नेह राणा।

## सिनेमा

# श्रुति हासन ने साउथ स्टार्स को बताया बॉलीवुड एक्टर्स से ज्यादा विनम्र, बोलीं-वो चमकीले कपड़े नहीं पहनते



श्रुति हासन साउथ सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस और सिंगर हैं। वो सुपरस्टार कमल हासन की बेटी हैं और तमिल, तेलुगु के साथ-साथ हिंदी फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। 'लक', 'रामैया वस्तावैया', 'वेलकम बैक', 'गब्बर इज बैक' जैसी फिल्मों से उन्होंने बॉलीवुड में भी अपनी पहचान बनाई। एक्टिंग के साथ-साथ श्रुति एक ट्रेंडेड म्यूजिशियन भी हैं। खास बात ये है कि श्रुति को दोनों ही फिल्म इंडस्ट्री से खूब प्यार मिला है। अब एक्ट्रेस ने खुलकर दोनों इंडस्ट्री में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की है। श्रुति ने साउथ स्टार्स को बॉलीवुड एक्टर्स से ज्यादा विनम्र बताया। द हॉलीवुड रिपोर्टर के साथ बातचीत में श्रुति ने कहा, "साउथ के स्टार्स बॉलीवुड के मुकाबले ज्यादा विनम्र होते हैं। वहां आर्टिस्ट्स के मन में ये डर रहता है कि कहीं 'सरस्वती का हाथ सर से उठ ना जाए'।" उन्होंने आगे कहा, "मेरा मतलब है, मेरे घर में धार्मिकता या ऐसी किसी भी चीज के बारे में बात करना मुश्किल है क्योंकि मेरे पिता ऐसी किसी भी चीज में विश्वास नहीं करते। लेकिन जब मैंने काम करना शुरू किया, तो मैंने उन छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दिया, जैसे सुबह नारियल रखना या कोने में किसी देवता की तस्वीर रखना।'

## Highlights

1. **Heavy to extremely heavy rainfall warning issued for several states, list released**
2. **Drunk auto driver drags constable for 120 m in Maha when asked to stop**
3. **'Khooni' village's name changed by Uttarakhand govt**
4. **Neeraj Tyagi, We Founder Circle cofounder, passes away at 50**
5. **I.N.D.I.A. bloc to build consensus on VP candidate: Sena (UBT) MP**

# India to ban money-based online gaming, bill likely in Parliament today

**NEW DEIHI, (Agency).** The proposed promotion and regulation of online gaming bill, cleared by Union Cabinet on Tuesday, prohibits online money gaming or its ads, and prescribes imprisonment or fine, or both, for those offering or advertising them, as it seeks to differentiate such games from eSports or online social games, according to a source.

At the same time, the bill calls for promotion of eSports and online social games, the source said, adding that it acknowledges that formal recognition of eSports will enable India to tune into global competitive gaming landscape, spur innovation, create opportunities for Indian startup ecosystem and make the country a global magnate for game development.

The bill proposes that any person offering online money gaming service in violation of the stipulated provisions will face imprisonment of up to three years or a fine that may



extend to ₹1 crore, or both. The provisions also stipulate imprisonment of up to two years and or a fine of up to ₹50 lakh, or both, for those indulging in advertisements in contravention of rules.

Also, those engaging in any transaction or authorisation of funds will be liable for up to three years imprisonment, or a fine up to ₹1 crore or both, according to the source.

Repeat offences for violation related to online money gaming attracts higher stringent jail term (3-5 years) as well as fine.


The bill, however, does not criminalise anyone playing online money games, to avoid any harassment. The idea is to treat them as victims, rather than perpetrators of crime, the source said, adding that the Bill cracks down on those promoting and abetting it.

It prohibits banks, financial institutions from processing or transferring funds related to real-money online games.

Sources said that the Bill aims to regulate online gaming by promoting online social games and eSport, while prohibiting online money gaming in larger public interest.

# Adobe's new Acrobat Studio places your PDFs and AI assistants in one place

**NEW DEIHI, (Agency).** Adobe is introducing a new platform that weaves together Adobe Acrobat, Adobe Express and artificial intelligence (AI) automation in a single window, the idea being to consolidate PDF documents, web pages and multiple tools into a hub. Adobe envisions Acrobat Studio, which also spawns its own subscription, as a collective that allows users to find value from creating specific workplaces where PDFs form the foundation of conversational knowledge hubs, with customisable AI Assistants to draw information, answers or recommendations alongside the company's Express creativity platform, PDF




management tools, and the Firefly AI powered image and video generation options.

Acrobat Studio will be priced at $24.99 per month (or ₹1,357 in India) for individuals and $29.99/month for teams (that's priced at ₹2,969 per license, in India). Adobe calls this as "early access pricing", and it isn't clear for now if this will increase after this offer ends on October 31. This now sits alongside Acrobat Standard ($12.99 per month) and Acrobat Pro ($19.99 per month), and the exclusive functionality includes an Acrobat AI Assistant as well. Adobe says anyone who is currently subscribed to any of these plans, can upgrade.

There are specific use-cases that may draw value from the Acrobat Studio subscription, with a proposition for students to piece together their notes into study guides and also able to quickly generate precise citations from their sources. Another possible use case could be relevant for travellers, who may be able to draw upon Acrobat Studio to collect location reviews, itineraries or recommendations and have AI Assistants help them plan the vacation.

# बाप-बेटे दिन में करते थे रेकी, रात में चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कनाडिया पुलिस ने तीन चोरी का खुलासा किया है। चोरी करने वाले बाप-बेटे हैं। जिसमें बाप की गिरफ्तारी हुई है, वहीं बेटे की तलाश की जा रही है। कनाडिया पुलिस ने अपने इलाके की चोरी के अलावा अन्नपूर्णा इलाके की दो चोरियां पकड़ी है। फिलहाल पुलिस इस मामले में आरोपी से और पूछताछ कर रही है।

एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह के मुताबिक, मानवता नगर में रहने वाले संजय सिंह के यहां जुलाई महीने में चोरी की वारदात हुई थी। जिसमें पुलिस ने लगातार सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल डाटा खंगाला था। इस दौरान पता चला कि खंडवा के मदाता में रहने वाला जीत सिंह टांक और उसका बेटा अक्षय इस चोरी में शामिल हैं। वे कार से दिन में घूमकर सूने मकानों की रैकी करते और रात



में चोरी की वारदातें अंजाम देते। पुलिस ने इसके बाद जीत की जानकारी निकाली और उसे दबोच लिया। आरोपी के पास से चोरी किए गए डॉलर, कुछ नकदी रुपए और अन्य सामान मिला है। वहीं उसके बेटे अक्षय की तलाश की जा रही है। आरोपियों से अन्नपूर्णा में की गई दो चोरी की वारदातों की जानकारी भी मिली है।

## मोबाइल लूट करने वाला बदमाश पकड़ाया

इंदौर की तुकोगंज पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा है। उसके पास से लूट के करीब 7 मोबाइल मिले हैं। वहीं चोरी की एक बाइक भी मिली है, जो उसने विजयनगर इलाके से चुराई थी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। टीआई जितेंद्र यादव की टीम ने शोमित पुत्र सुरेश शर्मा निवासी स्कीम नंबर 114 को पकड़ा है। आरोपी मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम देता था। आरोपी ने रानी सती और आसपास के इलाके में पिछले दिनों लूट की वारदातें की थीं। इसके बाद फुटेज के आधार पर पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। टीआई के मुताबिक अभी और वारदातों में उससे पूछताछ की जा रही है।

# हाईकोर्ट में 5 जजों की लार्जर बेंच करेगी सुनवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मप्र हाई कोर्ट की इंदौर बेंच में 19 अगस्त को पहली बार दो अलग-अलग केसों की एक ही दिन पांच और तीन जस्टिस की अलग-अलग बेंच में सुनवाई होगी। पांच जजों की बेंच में चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा चार अन्य जस्टिस के साथ सुनवाई करेंगे। यह बेंच नगर निगम द्वारा ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने और एग्रीमेंट खत्म करने के मामले की सुनवाई करेगी। इसी तरह तीन जजों की बेंच इस मामले की सुनवाई करेगी कि वरिष्ठ नागरिक अधिनियम के तहत बच्चों को अपील करने का अधिकार है या नहीं।मंगलवार को चीफ जस्टिस की अगुआई में बनी पांच जस्टिस की बेंच में जस्टिस विवेक रुसिया, न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल, न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर और जस्टिस विनय सराफ शामिल होंगे। इसी तरह चीफ जस्टिस की अगुआई में बनने वाली तीन जस्टिस की बेंट में जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस विनय सराफ शामिल होंगे। मंगलवार को सुनवाई अधूरी रहने पर अगले दिन बुधवार को भी सुनवाई जारी रहेगी।

# जिला जेल में बंदी ने प्रहरी पर किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिला जेल में सोमवार को एक बंदी ने जेल प्रहरी पर हमला कर दिया। बंदी दूसरे वार्ड में जाने की जिद कर रहा था। रोकने पर उसने प्रहरी से बहस शुरू कर दी और बाद में झूमाझटकी करते हुए मारपीट कर दी।

संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक, जेल प्रहरी दिनेश यादव ने शिकायत दर्ज कराई है कि बंदी अनस उर्फ मंजरा पुत्र असगर उर्फ अजगर, निवासी हबीब कॉलोनी वार्ड क्रमांक-5 में बंद है। सोमवार को उसने वार्ड-6 में जाने की जिद की। कैदियों को निर्धारित वार्ड के अलावा अन्य वार्ड में जाने की मनाही है। इसके बावजूद अनस जबरदस्ती वार्ड-6 में घुस गया। प्रहरी दिनेश ने उसे बाहर निकाला तो वह बहस करने लगा। देखते ही देखते उसने दिनेश पर हमला कर दिया। झूमाझटकी में प्रहरी की वर्दी फट गई और हाथ-पैर में चोट आई। घटना के बाद मौके पर मौजूद अन्य जेल कर्मचारियों ने बंदी अनस को काबू किया और जेलर को पूरी जानकारी दी गई। इसके बाद संयोगितागंज थाने में आरोपी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा और मारपीट की एफआईआर दर्ज कराई गई। बता दें पूर्व में भी अनस ने उप जेलर पर ईंट मारकर हमला कर दिया था, जिसके बाद इसकी जमकर पिटाई हुई थी और कुछ दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहा था। अनस उर्फ मंजरा पर पहले से ही कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। उस पर अवैध वसूली, लूट और अवैध हथियार रखने के तीन केस दर्ज हैं। करीब छह माह पहले पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इससे पहले वह पुलिस को चकमा देकर फरार भी हो चुका था। अनस उर्फ मंजरा पिता असगर उर्फ गुड्डू पठान (उम्र 25 वर्ष, निवासी हबीब कॉलोनी, खजराना, इंदौर) पर शहर के अलग-अलग थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। अब तक कुल 18 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। उसके खिलाफ खजराना, एमआईजी, महलरावण, पलासिया, कनाडिया, लसूडिया, छत्रीपुरा और संयोगितागंज थानों में केस दर्ज हो चुके हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक